## एसकेआरएयू: 13 मार्च को आयोजित होगा 22 वां दीक्षांत समारोह

# राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आयोजित होगा समारोह

### स्नातक, स्नातकोत्तर व विद्या-वाचस्पति के कुल 1694 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी उपाधि



**ओम एक्सप्रेस**

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 22 वां दीक्षांत समारोह 13 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे होंगे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल तथा कृषि और उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के दीक्षांत अतिथि पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार प्राधिकरण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो त्रिलोचन मोहपात्रा होंगे। कुलगुरु प्रो राजेन्द्र बाबू दुबे ने शुक्रवार को दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बनाई गई विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने अब तक की गई तैयारियों के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। प्रो दुबे ने कहा कि सभी समितियां समन्वय रखकर कर समय पर तैयारियां पूरी कर लें।

**1694 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी उपाधि:** कुलसचिव डॉ देवा राम सैनी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1694 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें कृषि संकाय के अंतर्गत स्नातक (यूजी) के 1475, स्नातकोत्तर (पीजी) के 52 और विद्या वाचस्पति ( पीएचईडी) के 31 विद्यार्थी शामिल हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक के 21, स्नातकोत्तर के 19 और विद्या वाचस्पति के 06 विद्यार्थी शामिल हैं। एबीएम के स्नातकोत्तर के 89 तथा पीएचडी का एक विद्यार्थी शामिल हैं।

**17 विद्यार्थी स्वर्ण पदक व 2 विद्यार्थी कुलाधिपति स्वर्ण पदक से होंगे सम्मानित:** परीक्षा नियंत्रक डॉ राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्यपाल 17, विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से स्नातक के 2, स्नातकोत्तर के 14 और विद्यावाचस्पति का एक विद्यार्थी शामिल है। स्नातक और स्नातकोत्तर के 01-01 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

# 17 विद्यार्थी स्वर्ण पदक व 2 विद्यार्थी कुलाधिपति स्वर्ण पदक से होंगे सम्मानित

## एसकेआरएयू : 13 मार्च को आयोजित होगा 22वां दीक्षांत समारोह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) का 22 वां दीक्षांत समारोह 13 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे होंगे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल तथा कृषि और उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के दीक्षांत अतिथि पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार प्राधिकरण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो. त्रिलोचन मोहपात्रा होंगे। कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र बाबू दुबे ने शुक्रवार को दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बनाई गई विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने अब तक की गई तैयारियों के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। प्रो. दुबे ने कहा कि सभी समितियां समन्वय रखकर कर समय पर तैयारियां पूरी कर लें। कुलसचिव डॉ. देवा राम सैनी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल की ओर से कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के 1694 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

इनमें कृषि संकाय के तहत स्नातक (यूजी) के 1475, स्नातकोत्तर (पीजी) के 52 और विद्या वाचस्पति (पीएचईडी) के 31 विद्यार्थी शामिल हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक के 21, स्नातकोत्तर के 19 और विद्या वाचस्पति के 6 विद्यार्थी शामिल हैं। एबीएम के स्नातकोत्तर के 89 तथा पीएचडी का एक विद्यार्थी शामिल हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्यपाल 17, विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से स्नातक के 2, स्नातकोत्तर के 14 और विद्यावाचस्पति का एक विद्यार्थी शामिल है। स्नातक और स्नातकोत्तर के 1-1 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

**प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन उत्पाद व तकनीक विकसित करने के लिए एसकेआरएयू को मिला प्रोजेक्ट**

# खजूर तैयार करने की तकनीकी, पैकेजिंग और विपणन पर होगा काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** किसानों को खजूर की उत्पादन प्रक्रिया को सीखने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए बीकानेर में ही प्रशिक्षण मिल सकेगा। अभी इसके लिए भोजका जैसलमेर जाना पड़ता है। खजूर के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) को एक प्रोजेक्ट की स्वीकृति मिली है।





नाबार्ड के मुख्य सचिव कार्यक्रम में कृषि विवि को प्रोजेक्ट स्वीकृति का पत्र सौंपते हुए एवं फार्म में लगे खजूर।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने खजूर के फलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन ईकाई की स्थापना एवं उत्पाद की तकनीकी विकसित करने के लिए 20.80 लाख रुपए का यह प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। अभी प्रदेश में 1500 हैक्टेयर तथा बीकानेर में 350 हैक्टेयर क्षेत्र में खजूर के बगीचे हैं। इस प्रोजेक्ट से बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू सहित क्षेत्र के किसानों को फायदा मिलेगा। प्रोजेक्ट का अनुमोदन पत्र नाबार्ड के मुख्य सचिव बी.श्रीनिवास ने विश्वविद्यालय के परियोजना प्रभारी को सौंपा है।

## बीकानेर के बाहर भी दिखाया जाएगा खजूर फार्म

**प्रोजेक्ट** के माध्यम से खजूर फलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के तहत उत्पाद तैयार करने की तकनीकी, खजूर के फलों की पैकेजिंग और विपणन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 250 किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए दो साल में 8 प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। खजूर इकाइयां स्थापित करने वाले 30 किसानों को बीकानेर से बाहर गुजरात के खजूर फार्म का विजिट कराया जाएगा।

**खजूर के मूल्य संवर्धित उत्पादों की बढ़ी मांग :** परियोजना प्रभारी डॉ. आरएस राठौड़ ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में खजूर अनुसंधान की दिशा में विवि की ओर से सफल प्रयोग किया गया। पश्चिमी राजस्थान की अतिवादी जलवायुवीय परिस्थितियों और क्षारीय पानी की समस्या के बीच किसानों की आर्थिक मजबूती की दिशा में यह अनुसंधान सफल रहा है। क्षेत्र में किसान खजूर उत्पादन में रुचि दिखा रहे हैं। क्षेत्रफल भी बढ़ रहा है। खजूर का बाजार मूल्य किसानों को अच्छा मिल रहा है।

## अपार संभावनाएं

खजूर के लिए राजस्थान की जलवायु काफी अच्छी है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। खजूर खेती पहले ही क्षेत्र में किसानों की ओर से की जा रही है। विश्वविद्यालय की ओर से इस प्रोजेक्ट के तहत तकनीक विकसित करने तथा किसानों के प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

**डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे,**
कुलगुरु एसकेआरएयू